Rajathan Police

–:प्रेस नोटः–

पुलिस थाना झंवर, जिला पश्चिम आयुक्तालय जोधपुर

फोन नं. 02931–275826 दिनांक 21–07–2023

–: गुमशुदा महिला को 16 घंटों में दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द की :–

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय, श्री रवि दत्त गौड, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय, जोधपुर पश्चिम श्री गौरव यादव, एडीसीपी साहिबा व एसीपी साहब वृत बोरानाडा के दिशा निर्देशन व निकट सुपरविजन में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों की पालना में हाजा पर दर्ज एमपीआर नं. 07/2023 दिनांक 20.07.2023 का मात्र 16 घंटो में गुमशुदा महिला को दस्तयाब कर निस्तारण किया।

घटना का विवरणः– दिनांक 20.07.2023 को प्रार्थी श्री मानवेन्द्रसिंह निवासी पटेलो का वास झंवर जिला जोधपुर ने बताया कि मेरी बहिन मनिषा कंवर पुत्री छोटुसिंह जाति राजपुत उम्र 29 वर्ष जो कि दिनांक 19/07/23 को सुबह करीबन 11–12 बजे घर से बिना किसी को बताये कही चली गई जो अभी तक वापस घर पर नहीं आई हैं वगैरा रिपार्ट पर थाना हाजा पर दिनांक 20.07.2023 को एमपीआर नं. 07/2023 दर्ज कर तलाश शुरू की गई।

कार्यवाही विवरण

उक्त रिपोर्ट पर श्रीमान डीसीपी साहब, एडीसीपी साहब व एसीपी साहब को उक्त सूचना/घटना के संबंध में विस्तृत हालात निवेदन किये गये एवं मन् थानाधिकारी शकील अहमद निपु. मय जाब्ता उक्त महिला के बताये हुलियें व संभावित स्थानों पर गांव में तलाश शुरु की गई। जिस पर सीसीटीवी फुटेज एवं तकनिकी आधार पर तलाश की गई। आस–पास के गांवो में व झंवर से जोधपुर जाने के रास्ते में पडने वाले सभी सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। तत्पश्चात् पुनः आज दिनांक 21.07.2023 को तकनिकी आधार पर तलाश शुरू की गई। सुबह 12 बजे के लगभग सूचना मिली की झुंझार जी का स्थान, झंवर–डोली रोड पर उक्त हुलिये कि महिला खडी हैं, जिस पर मय जाब्ते के वहां पहुंच कर गुमशुदा सुश्री मनीषा कंवर उम्र 29 साल को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया।

पूछताछ पर गुमशुदा सुश्री मनीषा कंवर ने बताया कि वह अपने ननिहाल जाना चाहती थी, लेकिन मम्मी ने ननिहाल भेजा नहीं तो वह नाराज होकर घर से निकलकर अपनी सहेली सुश्री जयश्री निवासी खेमें का कुआं जोधपुर चली गई थी।

कार्यवाही में पुलिस टीमः– शकील अहमद निपु. थानाधिकारी झंवर, श्री जब्बरसिंह उनिपु., श्री श्रवण खोजा कानि. 2518, श्री सुरेश कानि. 1378, श्री विरेन्द्र प्रताप कानि. 3060

सही/
(शकील अहमद निपु.)
थानाधिकारी
पुलिस थाना झंवर,
जोधपुर पश्चिम।